हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 14 मई 2026

**तापमान**
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

12 नगर निगम पर भाजपा का कब्जा, अक्षिता बनी मेयर



12 जीत का सिंकदर बना कांग्रेस प्रत्याशी पुनीत कवि



## खबर संक्षेप

### दुकान के गल्ले से चुराए डेढ़ लाख रुपये, केस

**यमुनानगर।** शहर के मॉडल टाउन स्थित सत्यम सेल्स वर्दी की दुकान के गल्ले से चोरों ने रात के समय डेढ़ लाख रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी पंकज चोपड़ा ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शहर के मॉडल टाउन में सत्यम सेल्स के नाम से स्कूलों की वर्दी की दुकान है। वह रविवार रात को दुकान से काम खत्म करके अपने घर चला गया था। सोमवार को दुकान की छुट्टी होने के कारण दुकान बंद रही। अगले दिन सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो उन्हें दुकान में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर दुकान के गल्ले से डेढ़ लाख रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### महिला समेत चार भगोड़े घोषित

**पानीपत।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी डॉ. तरुण कुमार वर्मा की अदालत ने अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को भगोड़ा घोषित किया है। इनमें ओमवीर निवासी गांव बुआना लाखू, इसराना, मनु गाबा निवासी पटेल नगर, तहसील कैंप पानीपत, करबिलाता चौबे निवासी पश्चिम बंगाल तथा आजाद सिंह निवासी गांव फैजपुर खेड़ा, जिला करनाल शामिल हैं। अदालत ने थाना सिटी पुलिस को आरोपियों के खिलाफ नया मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए हैं।

### किशोरी से किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**पानीपत।** शहर की एक कॉलोनी में किराये के मकान में रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी के साथ मकान मालिक के रिश्तेदार ने दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपी ने हत्या की धमकी देकर वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने किशोरी के बयान दर्ज कर मेडिकल जांच भी करवाई।

### 11.93 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गांव डाहर निवासी साहिल पुत्र विनोद को 11.93 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुभाष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### चेन स्नैचिंग करने के आरोप में दो पकड़े

**समालखा।** सीआईए-वन पुलिस ने महिला से सोने की चेन छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रिंकू पुत्र देवी सिंह और सुमित पुत्र रोशन निवासी गांव किवाना, जिला पानीपत के रूप में हुई है। आरोपियों ने भापरा गांव से दूध लेकर लौट रही पूजा पत्नी मनोज निवासी संगम कॉलोनी से चेन छीनी थी। थाना प्रभारी फूल कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर थाना समालखा में मामला दर्ज किया गया था।

### जमीन के विवाद में हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने गांव कवि में जमीन विवाद के चलते मोहन लाल की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों विशाल और यश को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी राजेश ने बताया कि मृतक की पत्नी केला देवी की शिकायत पर थाना मतलौडा में हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

## बीजेपी 17, निर्दलीय 2 सीटों पर जीते, एक ही वार्ड में खुला कांग्रेस का खाता

# 36252 मतों से जीतकर बीजेपी के श्यामलाल बने पंचकूला मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

पंचकूला नगर निगम आम चुनाव-2026 की मतगणना सेक्टर-14 स्थित गर्ल्स कॉलेज में संपन्न हुई। चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 में से 17 वार्डों पर जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस को 1 और निर्दलीय उम्मीदवारों को 2 सीटों पर सफलता मिली। पंचकूला में भाजपा नेता एवं पूर्व विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता के पोते पार्थ गुप्ता ने वार्ड-6 से जीत हासिल की। वह नगर निगम चुनाव में सबसे कम उम्र के पार्षद बने हैं। उनकी उम्र 22 वर्ष 13 दिन बताई गई है।

मेयर पद पर भाजपा उम्मीदवार श्यामलाल बंसल ने कांग्रेस प्रत्याशी सुधा भारद्वाज को 36,252 वोटों के बड़े अंतर से हराया। इस सीट की मतगणना सबसे लंबी चली और शाम साढ़े तीन बजे तक 21 राउंड की काउंटिंग पूरी हुई। मतगणना के



दौरान कांग्रेस प्रत्याशी सुधा भारद्वाज ने काउंटिंग प्रक्रिया पर सवाल उठाए। छठे राउंड के दौरान वह काउंटिंग सेंटर से बाहर आ गईं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विरोध जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ ईवीएम की सील पहले से टूटी हुई थीं। साथ ही पार्षद और मेयर पद की ईवीएम को एक साथ रखने तथा स्ट्रॉन्ग रूम के रोशनदान के दो शीशे हटे होने पर भी आपत्ति जताई। सुधा भारद्वाज ने कहा कि वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे और हर राउंड में 2000 से 2200 वोटों का अंतर बढ़ना सवाल खड़े करता है।

वहीं, सुधा भारद्वाज के पति एवं हरियाणा कांग्रेस मीडिया प्रभारी संजीव भारद्वाज ने कहा कि ऐसे माहौल में राजनीति करना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे अगले 4-5 दिनों में बैठक कर राजनीति छोड़ने पर भी विचार कर सकते हैं।

### जानें...किस वार्ड से कौन जीता

| वार्ड | विजेता | पार्टी | जीत | कुल वोट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परमजीत कौर | भाजपा | 2358 | 3833 |
| 2 | परमजीत कौर | भाजपा | 1979 | 3101 |
| 3 | सुरेश कुमार वर्मा | भाजपा | 1087 | 2059 |
| 4 | भारत हितैषी | भाजपा | 2565 | 3688 |
| 5 | जय कुमार कौशिक | भाजपा | 1810 | 3394 |
| 6 | पार्थ गुप्ता | भाजपा | 866 | 2137 |
| 7 | ज्योति प्रसाद | भाजपा | 79 | 1791 |
| 8 | राज कुमार जैन | भाजपा | 948 | 2038 |
| 9 | हरेंद्र मलिक | भाजपा | 1623 | 2966 |
| 10 | शेखर | भाजपा | 59 | 1279 |
| 11 | अनुराधा पुरी | भाजपा | 1209 | 3159 |
| 12 | राकेश जगोता | भाजपा | 2872 | 3827 |
| 13 | दीपक गर्ग | भाजपा | 2267 | 3839 |
| 14 | राकेश गोयल | भाजपा | 2502 | 3689 |
| 15 | प्रियंका | भाजपा | 965 | 2346 |
| 16 | निर्मला देवी | भाजपा | 360 | 2039 |
| 17 | अशोक कुमार | निर्दलीय | 754 | 3043 |
| 18 | अमनदीप कौर | कांग्रेस | 165 | 3000 |
| 19 | मनीषा रानी | भाजपा | 1180 | 3811 |
| 20 | रोहित चौधरी | निर्दलीय | 966 | 3440 |

# आजाद उम्मीदवार लखविंदर सिंह नपा साढ़ौरा के वार्ड 9 से विजयी

रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने निर्वाचित हुए पार्षद लखविंदर सिंह को प्रमाण पत्र दे विजयी घोषित किया



**यमुनानगर।** नगर पालिका साढ़ौरा के वार्ड नंबर नौ के पार्षद पद के लिए हुए चुनाव में बुधवार को मतगणना का कार्य शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस वार्ड में आजाद उम्मीदवार लखविंदर सिंह ने सर्वाधिक 431 मत प्राप्त कर जीत हासिल कर ली। निरटर्निंग अधिकारी एवं व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने बताया कि साढ़ौरा नगरपालिका वार्ड नंबर 9 के पार्षद पद के लिए हुए उपचुनाव की बुधवार को मतगणना की गई। उन्होंने बताया कि वार्ड में कुल 1022 मतदाता पंजीकृत थे। जिनमें से 749 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने बताया कि मतगणना के उपरांत निर्दलीय उम्मीदवार लखविंदर सिंह को सर्वाधिक 431 मत प्राप्त हुए। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार अशोक कुमार को 102 मत तथा इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार इंद्रजीत शर्मा को 212 मत प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त नोटा के पक्ष में 4 मत डाले गए। रिटर्निंग अधिकारी जसपाल सिंह गिल ने बताया कि निर्दलीय उम्मीदवार लखविंदर सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 219 मतों के अंतर से पराजित कर विजय हासिल की। उन्होंने विजयी उम्मीदवार को बधाई दी। उन्होंने बताया कि मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण और प्रशासन की निगरानी में संपन्न कराई गई। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी कुलदीप सिंह, नायब तहसीलदार व्यासपुर रविन्द्र कुमार व खंड शिक्षा अधिकारी साढौरा धर्म सिंह राठी आदि मौजूद रहे।

# कुनाल का शव थाना किला में रख दिया धरना

- कुनाल हत्याकांड में 12 नामजद, दो पकडे, डीएसपी के आश्वासन पर अंत्येष्टि की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के जगदीश नगर में हुए कुनाल हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को परिजनों ने मृत कुनाल के शव को थाना किला में रख कर प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस हत्यारोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है और वे पुलिस की कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं है। इधर, थाना किला में शव रख कर प्रदर्शन किए जाने की सूचना से प्रशासन व पुलिस विभाग में हडकंप मच गया।



**पानीपत।** थाना किला में कुनाल का शव रख कर विलाप करतीं परिवार की महिलाएं।

जबकि थाना के पुलिस अधिकारियों ने आंदोलनरत कुनाल के परिजनों को आश्वासन दिया कि जल्द ही कुनाल के हत्यारोपियों को पकड लिया जाएगा। वहीं, परिजन नहीं माने और करीब पांच घंटों तक कुनाल का शव थाने में रख कर प्रदर्शन करते हुए। इधर, डीएसपी नवीन संधू व डीएसपी सुरेश सैनी शाम को थाने पहुंचे और उन्होंने बताया कि कुनाल की हत्या के दो आरोपियों को पकड लिया गया है और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके बाद ही परिजनों ने थाना किला में धरना खत्म किया और कुनाल का अंतिम संस्कार करवाया गया। इस दौरान पुलिस बल भी पीडित परिवार के साथ रहा। स्मरणीय है कि कुनाल को रूपयों के लेनदेन के विवाद में घायल कर दिया गया था। वहीं पीजीआई रोहतक में मंगलवार की देर रात कुनाल की मौत हो गई थी। दूसरी ओर, थाना किला पुलिस ने जहां पोस्टमार्टम के बाद कुनाल का शव उसके परिजनों को सौंप दिया, वहीं भाई विकास की शिकायत पर विकास, विक्की, प्रिंस, वासू, राजा, ध्रुव, वरुण, कुलदीप, कन्हैया, विशाल, सहपाल, राहुल आदि पर कुनाल की हत्या के आरोप में केस दर्ज कर रखा है।

# राज्यपाल आचार्य देवव्रत रेलवे स्टेशन से साइकिल पर आज पहुंचेंगे गुरुकुल

- ईंधन बचाने, पर्यावरण संरक्षण व सादगीपूर्ण जीवन शैली अपनाने का देंगे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

अपनी सादगी और प्राकृतिक खेती के प्रचारक के रूप में पहचाने जाने वाले गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत 14 मई वीरवार से कुरुक्षेत्र में नई पहल करने जा रहे हैं। गुजरात से कुरुक्षेत्र सामान्य रेलगाड़ी से पहुंचने के बाद गुरुकुल तक साइकिल पर यात्रा करेंगे। ऐसा करके राज्यपाल आचार्य देवव्रत आमजन को ईंधन बचाने, पर्यावरण सरंक्षण व सादगीपूर्ण जीवन शैली अपनाने का संदेश देंगे।

### जो कहते हैं, वह पहले करते हैं राज्यपाल

पत्रकारों से बातचीत करते हुए ओएसडी टू गर्वनर डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने बताया कि राज्यपाल देवव्रत आर्य 14 मई को सुबह करीब 9 बजकर 30 मिनट पर रेलवे स्टेशन कुरुक्षेत्र में पहुंचेंगे। आचार्य देवव्रत इस समय गुजरात के 20वें राज्यपाल के तौर पर पद संभाले हुए हैं। जो शिक्षाविद, समाजसेवी, वैदिक विद्वान रहे हैं। इससे पहले हरियाणा के कुरुक्षेत्र गुरुकुल के प्रधानाचार्य रहे। वर्ष 2015 से 2019 तक हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे और वर्ष 2019 में गुजरात के राज्यपाल रहे। गुजरात के राज्यपाल बनते समय संस्कृत में शपथ लेकर अलग पहचान दिखाई। इसके साथ ही 11 सितंबर 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया। ये तब हुआ जब सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुने गए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिसंबर 2024 में कहा था कि आचार्य देवव्रत राज्यपालों के भी अगुआ हैं, यानी सबसे वरिष्ठ राज्यपाल, जो सभी राज्यपालों का नेतृत्व करते हैं। आचार्य देवव्रत ने नवंबर 2024 नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। नवंबर 2025 जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। अप्रैल 2026 भिवानी में नेचुरल फार्मिंग सेमिनार में बोले कि मोदी ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन शुरू किया है। राज्यपाल जो कहते हैं वह पहले करते हैं। उनका मानना है कि रसायनिक खेती दूसरे विश्व युद्ध के बाद बड़ा षड्यंत्र था। गुजरात में लाखों किसानों को प्राकृतिक खेती सिखाई। इस अवसर पर गुरुकुल के प्राचार्य सूबेप्रताप एवं व्यवस्थापक रामनिवास आर्य भी मौजूद रहे।

# बाड़े से उपले चुराने का विरोध करने पर ईंट-डंडों से हमला

## तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव बुबका में बाड़े से उपले चोरी करने आए बदमाशों का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। तीन अज्ञात बदमाशों ने युवक पर डंडों और ईंटों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव बुबका निवासी सुखदेव सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव से रादौर रोड की तरफ खाली जगह में अपने बाड़े में उपलों का बिटोड़ा बनाया हुआ है। बीती रात करीब आठ बजे वह अपने खेतों की तरफ जा रहा था। इसी दौरान उसने देखा कि उसके बाड़े में बने बिटोड़े से तीन अज्ञात युवक उपले चोरी कर रहे हैं। उसने जब तीनों को रोकने का प्रयास किया तो आरोपितों ने हाथों में पकड़े डंडों और ईंटों से उस पर हमला कर दिया।

बदमाशों ने उसके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों पर वार किए। जिससे वह घायल हो गया। शोर मचाने पर तीनों युवक उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। बताया गया है कि आरोपी बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार थे। घायल को परिजन रादौर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार कराया गया। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सुखवीर हत्याकांड के दोषी को उम्रकैद

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज आरके मेहता की अदालत ने गांव डाडौला के खेतों में सुखवीर सिंह पुत्र नफे सिंह की हत्या के आरोपी संदीप पुत्र कृष्ण को दोषी करार देते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा दी है। मृतक सुखवीर व दोषी संदीप गांव डाडौला के ही निवासी है। वहीं जज मेहता की अदालत ने संदीप पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है। स्मरणीय है कि 22 अक्टूबर 2020 की सुबह सुखवीर का खेत में काम करने के दौरान पड़ोसी खेत के मालिक संदीप आदि से विवाद हुआ था। वहीं, संदीप ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से सुखवीर पर फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी थी। दूसरी ओर, मृतक सुखवीर के भाई महावीर की शिकायत पर हुडा औद्योगिक सेक्टर 29 थाना पुलिस ने केस दर्ज किया था। वहीं, अदालत ने पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों की गवाही के आधार पर संदीप को सजा दी है।

# गगन चूमेगी राष्ट्रभक्ति, 210 फुट ऊंचे तिरंगे से सुसज्जित होगा शहीद स्मारक: अनिल विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में बना शहीद स्मारक न केवल राज्य के लिए बल्कि पूरे देश के लिए देशभक्ति का एक नया केंद्र बनने जा रहा है। 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की यादों को समेटे शहीद स्मारक में अब एक और भव्य अध्याय जुडने जा रहा है। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि अब शहीद स्मारक परिसर में विशाल तिरंगा फहराया जाएगा, जिसकी ऊंचाई 210 फुट होगी। यह तिरंगा स्मारक में 206 फुट ऊंचे मेमोरियल टॉवर से भी ऊंचा होगा, जो दूर से ही लोगों को राष्ट्रभक्ति का संदेश देगा। अम्बाला में यह सबसे ऊंचा तिरंगा होगा। विज ने बुधवार को तिरंगा लगाने के स्थान को लेकर शहीद स्मारक में मुआयना किया और



शहीदी स्मारक का मुआयना करते मंत्री अनिल विज।

अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने तिरंगा जल्द लगाने के दिशा-निर्देश दिए। मौके पर मौजूद शहीद स्मारक के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी ने बताया कि तिरंगा फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा लगाया जाएगा और जल्द तकनीकी टीम इसको लेकर शहीद स्मारक में आ रही है। शहीद स्मारक में 210 फुट की ऊंचाई पर लहराता तिरंगा इस बात का प्रमाण होगा कि शहीदों का बलिदान सर्वोच्च है। यह स्मारक आने वाले समय में कुरुक्षेत्र और अन्य ऐतिहासिक स्थलों की तरह दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करेगा। शहीद स्मारक न केवल हरियाणा का बल्कि भारत का एक प्रमुख ऐतिहासिक गंतव्य बनेगा। किसी भी स्मारक में तिरंगा सबसे ऊंचा होना चाहिए, यह भावना सम्मान और संप्रभुता का प्रतीक है। अधिकारियों के अनुसार, यह निर्णय इसलिए लिया गया ताकि जब कोई पर्यटक स्मारक को देखे, तो सबसे पहले उसकी नजर देश की आन-बान और शान 'तिरंगे' पर पड़े।

### शहीदों को मिला सम्मान

1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित शहीद स्मारक का निर्माण ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अंबाला छावनी में किया जा रहा है। जीटी रोड पर 22 एकड़ भूमि पर निर्मित शहीद स्मारक में 1857 में शहीद हुए अनसंग वीरों को नमन किया जा सकेगा। लगभग 700 करोड़ रुपए की लागत से शहीद स्मारक बन चुका है जिसका आने वाले दिनों में जल्द उदघाटन होगा। अंबाला छावनी वीरों की भूमि है जहां से 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला फुटी थी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से शहीदों को नमन करने हेतु शहीद स्मारक का निर्माण किया है। इसी प्रकार अम्बाला छावनी में नेता जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सुभाष पार्क में उनकी विशाल मूर्ति स्थापित की गई है। इसी प्रकार शहीद –ए–आजम भगत सिंह की मूर्ति एसडीएम कार्यालय में स्थापित की गई है जहां उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।

## कांग्रेस प्रत्याशी को 21,358 वोट से पराजित कर मेयर बनी अक्षिता

# जहां नौकरी की; अब उसी निगम में चलेगा अक्षिता का हुकुम

पहली बार बीसी बी उम्मीदवार के लिए रिजर्व हुआ था मेयर पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शहर की नवनिर्वाचित मेयर अक्षिता सैनी जिस नगर निगम में कभी कर्मचारी रही अब उसी में उसका हुकुम चलेगा। बता दें मेयर पद पहली बार बीसी बी उम्मीदवार के लिए रिजर्व हुआ था। तब भाजपा की ओर से अक्षिता सैनी को मेयर का उम्मीदवार बनाया गया था। मेयर अक्षिता का परिवार लंबे समय से आरएसएस से जुड़ा हुआ है। उसके



दादा खुद दो बार कुरुक्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। मेयर अक्षिता सैनी काफी समय तक नगर निगम में कर्मचारी के तौर पर काम कर चुकी है। निगम की कार्रवाई से वाकिफ होने की वजह से भाजपा ने अक्षिता सैनी को मेयर का उम्मीदवार बनाया था। अक्षिता ने कांग्रेस की प्रत्याशी कुलविंद्र कौर सैनी को 21,358 वोट से पराजित किया है। अक्षिता सैनी को 52,794 वोट मिले और कांग्रेस प्रत्याशी कुलविंद्र कौर को 31436 वोट मिले। आजाद उम्मीदवार सोनिया चौधरी 21730 वोट प्राप्त करने में कामयाब रही। नगर निगम चुनाव में जीत का परचम लहराने वाली भाजपा की मेयर अक्षिता सैनी व तमाम निगम सदस्यों को सीएम नायब सैनी ने जीत की बधाई दी। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने अपने मोबाइल फोन के स्पीकर को ऑन कर मेयर व सदस्यों से सीएम नायब सैनी की बात करवाई। सीएम ने सभी को जीत की बधाई देकर लोगों की बुनियादी सुविधाओं दिलवाने में अहम भूमिका निभाने के आदेश दिए हैं।

### चुनाव में हार पर होगा मंथन: कांग्रेस

लगातार दूसरे नगर निगम चुनाव में करारी शिकस्त झेलनी वाली कांग्रेस ने वीरवार को कांग्रेस भवन में मीटिंग बुलाई है। कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल की ओर से वीरवार को बुलाई गई मीटिंग में विधायक निर्मल सिंह के भी उपस्थित होने की बात कही जा रही है। मीटिंग में कांग्रेस ने हारने व जीतने वाले सभी उम्मीदवारों को बुलाया है। मीटिंग में हार की समीक्षा करने की बात कही जा रही है। बता दें कि पिछले निगम चुनाव में भी कांग्रेस को तीन सीट मिली थी। भाजपा के साथ सीधी टक्कर होने के बावजूद इस बार भी कांग्रेस तीन सीटों से आगे नहीं बढ़ पाई।

# 90.93 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने 90.93 ग्राम हेरोइन के साथ अलग अलग स्थानों से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि एक युवक कार में सवार होकर प्रताप नगर अनाज मंडी के पास से नशा लेकर निकलेगा। मामले की सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर आशीष कुमार, एएसआई राजिंदर कुमार, पंकज व गुरनाम की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। कुछ देर बाद टीम को कार में एक युवक आता दिखाई दिया। टीम ने कार सवार युवक को पकड़ लिया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया। जिसके सामने पकड़े गए युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से 40 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान गांव खिल्लेवाला निवासी हाशिम के नाम से हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी की कार भी कब्जे में ली गई है। सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम के सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश, सतीश कुमार, मंजीत, एएसआई जसबीर, हैप्पी व गुरविदर की टीम ने साढ़ौरा से एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 50.93 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान सवानिया मोहल्ला साढ़ौरा निवासी मनीष उर्फ बबलू के नाम से हुई। इंचार्ज ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।

जनगणना



## पूरी जिम्मेदारी से अधिकारी व कर्मचारी निभाएं ड्यूटी : गुप्ता

**यमुनानगर।** जिला में चल रहे जनगणना के कार्य के अंतर्गत नगराधीश एवं सह नोडल जनगणना अधिकारी पीयूष गुप्ता ने नागल खजूरी में पहुंचकर जनगणना के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुपरवाइजरी सर्कल 034 की सुपरवाइजर रचना एचएलबी संख्या 190 के प्रगणक प्रदीप के कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया और प्रगणक द्वारा एचएलओ ऐप पर काम करने के तरीके की भी जांच की। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि जिला के विभिन्न अधिकारियों द्वारा जनगणना में लगे हुए अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। जनगणना का पहला चरण 30 मई तक जारी रहेगा। इस दौरान जनगणना के लिए आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को नागरिकों से बिना किसी झिझक सही जानकारी देने की अपील की गई है। इस चरण में मकानों का सूचीकरण किया जाएगा। जिसमें आवासीय, गैर आवासीय और सह आवासीय भवन शामिल हैं। इसके तहत रिहायशी मकानों के साथ साथ व्यावसायिक प्रतिष्ठान और सभी प्रकार के धार्मिक भवनों का भी सर्वे किया जाएगा।

### न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी का 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

# कॉमर्स में 98.6% अंक के साथ कामाक्षी प्रदेश की सेकेंड टॉपर

### अंकिता 93.4 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में कला संकाय में प्रथम रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए गए 12वीं कक्षा के परिणाम में न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल यमुनानगर का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। वाणिज्य संकाय की छात्रा कामाक्षी ने सर्वाधिक 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य भर में दूसरा स्थान हासिल किया। कला संकाय में अंकिता ने 93.4 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम तथा विज्ञान संकाय में इकरा हसीब ने 90.8 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया।

स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा व प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का ने बताया कि 12वीं कक्षा में कुल 90 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। वाणिज्य संकाय में कामाक्षी ने सर्वाधिक 98.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश भर में दूसरा स्थान हासिल किया। सुनैना ने 94 प्रतिशत, वरखा ने 91.2, निहारिका शर्मा ने 90.6, रेधिमा ने 89.4, महक वर्मा ने 88.4 प्रतिशत, राशि सिंह ने 88.4, सांची सिंह ने 87.6, गगनदीप कौर ने 85.6, रणजोत कौर ने 82.6 प्रतिशत अंक हासिल किया। विज्ञान संकाय में इकरा हसीब 90.8 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान पर रही। प्राची ने 86 प्रतिशत, नंदिनी ने 85.8, सिमरन ने 85, मोहित ने 84.4, छवि ने 84.2, शमा परवीन ने 83.8, नैंसी ने 82.8, वैष्णवी ने 82.4, गुरलीन कौर ने 81.8, सपना ने 81.2, राधिका कपूर ने 80.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कला संकाय में अंकिता ने 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि रोहित ने 85 प्रतिशत व यश बेनीवाल ने 76 प्रतिशत अंक अर्जित किए। प्रिंसीपल ने बताया कि प्रदेश भर में द्वितीय स्थान हासिल करने वाली कामाक्षी ने बिजनेस स्टडीज में 100 प्रतिशत, कंप्यूटर साइंस में 100 प्रतिशत, इंगलिश में 99 प्रतिशत, अकाउंटेंसी में 98 प्रतिशत तथा इकोनोमिक्स में 96 प्रतिशत अंक हासिल किया।



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को मिठाई खिलाते प्रबंध समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि



छात्रा कामाक्षी



छात्रा अंकिता

### इनकम टैक्स आफिसर बनना चाहती है

कामाक्षी इनकम टैक्स आफिसर बनकर देश की सेवा करना चाहती है। उसने अपनी सफलता के लिए अध्यापकों व परिजनों का धन्यवाद किया। वह दिन में 10 से 12 घंटे तक रोजाना पढ़ाई करती थी। कक्षा में चुपचाप रहने वाली कामाक्षी का लक्ष्य टॉप करना है जो कि उसने करके दिखा दिया।

## कला संकाय में 98 प्रतिशत अंक के साथ हितांश स्कूल में अव्वल



**यमुनानगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद बच्चों को मिठाई खिलाते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- वाणिज्य संकाय में समर्थ मित्तल ने 97 .2 % अंक हासिल किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के चेयरमैन रामनिवास गर्ग ने बताया कि परीक्षा में कुल 112 विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें से 70 प्रतिशत ने मैरिट श्रेणी हासिल की। कला संकाय में हितांश सहगल ने सर्वाधिक 98 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में पहले स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में समर्थ मित्तल ने 97.2, मैडिकल स्ट्रीम में देवांश गोम्बर ने 95.6 और नॉन-मेडिकल स्ट्रीम में वेद उमेश वारदे और वेदांत उमेश वारदे ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि विषय अनुसार अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में इशिता सुंदास, जानह्वी, केशव, पनिष्टी कुमार, अनुप्रिया गोयल, दिव्यांका, जतिन सैनी, आर्यन खरबंदा ने पेंटिंग में 100 अंक, अनिका गोयल और देवांशा गोम्बर ने मनोविज्ञान में 100 अंक, हितांश सहगल ने हिंदुस्तानी संगीत में 100 अंक, अकाउंटेंसी में समर्थ मित्तल ने 99 अंक, आईपी में जानह्वी अग्रवाल ने 99 अंक, कनिष्क सैनी ने अंग्रेजी में 99 अंक, इकोनोमिक्स एवं बिजिनेस स्टडीज में समर्थ मित्तल ने 98 अंक, अबीर क्वात्रा ने योगा में 98 अंक, हितांश सहगल ने इतिहास विषय में 98 अंक एवं राजनीतिक विज्ञान में 96 अंक प्राप्त किए।



**यमुनानगर।** नेशनल पब्लिक स्कूल में मेधावी बच्चों को मिठाई खिलाते प्रबंधक।

## 96.2 प्रतिशत अंक के साथ जानवी ने किया नेशनल पब्लिक स्कूल टॉप

**यमुनानगर।** दिल्ली रोड स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल प्रबंधक आरएस पुंडीर ने बताया कि परीक्षा परिणामों में जानवी चौहान ने सर्वाधिक 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विशेष रूप से जानवी ने आईटी में 99 अंक अर्जित किए। वहीं दीपिका कुमारी ने विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नॉन मेडिकल संकाय में दिव्या ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। उन्होंने बताया कि विषयवार उपलब्धियों में प्रतीक सैनी ने जीव विज्ञान में 97 अंक प्राप्त कर अपनी विशिष्ट योग्यता साबित की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी मेधावी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को इसके लिए बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की ओर विशेष ध्यान दिया जाता है। ताकि ये बच्चे आने वाले कल में अपना व अपने परिजनों का नाम कर सकें तथा समाज में अपनी अलग से पहचान बना सकें।



**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में बच्चों को मिठाई खिलाते अध्यापक।

## न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल बिलासपुर की मानसी ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल बिलासपुर का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बहुत ही शानदार रहा। स्कूल की प्रिंसीपल मोनिका कश्यप ने बताया कि नॉन.मेडिकल स्ट्रीम में मानसी धीमान ने सर्वाधिक 93 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। इसी तरह वाणिज्य संकाय में लक्षिका और अदिति सिंगला ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया।

प्रिंसीपल ने बताया कि विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत विषयों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। म्यूजिक और वेब एप्लीकेशन में दीपेश व मानसी धीमान ने सर्वाधिक 99 अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी में लक्षिका ने 97, मार्केटिंग में मानसी धीमान ने 97, अकाउंटेंसी में कोमल ने 96, इकोनॉमिक्स में दीपेश ने 95, फिजिक्स में मानसी से 92, बॉयोलॉजी में प्राक्षी सिंगला ने 88 तथा कैमिस्ट्री में देवांश ने 87 प्रतिशत अंक अर्जित किए। स्कूल के मैनेजर मधुकर कश्यप और प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने सभी मेधावी विद्यार्थियों और उनके परिजनों को बधाई दी तथा बच्चों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ये बच्चों की कड़ी मेहनत ही होती है जो उन्हें ये मुकाम दिलवाती हैं। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल बिलासपुर में 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित होने पर खुशी जताते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## स्टार वे सीनियर सेकेंडरी में जानवी और दृष्टि संयुक्त रूप से बनीं टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

12वीं कक्षा में स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुर्दी (यमुनानगर) का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय के 13 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्या दीप माला कांबोज ने बताया कि 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में विद्यालय की कामर्स संकाय की छात्रा जानवी व आर्टस संकाय की दृष्टि ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में संयुक्त रूप से टॉप किया है। वहीं, नॉन मेडिकल संकाय में 13 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में जगह बनाई। रुद्र प्रताप सिंह ने 89.4 प्रतिशत, साक्षी ने 88.8 प्रतिशत, धैर्य धीमान ने 88.6 प्रतिशत चेल्सी ने 88.4 प्रतिशत, अग्रिम ने 88 प्रतिशत, तनिष सैनी ने 87.8 प्रतिशत, हर्ष चौहान ने 87 प्रतिशत, तुषांत ने 86 प्रतिशत, तनिष कुमार ने 85.6 प्रतिशत, सृष्टि ने 85.2 प्रतिशथ, गगन मेहता ने 84.8 प्रतिशत, दीपांशु ने 82.2 प्रतिशत तथा वृत्ति ने 80.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। वहीं, मेडिकल संकाय में समीक्षा ने 86.4 प्रतिशत, मोहित ने 82.4 प्रतिशत तथा पलक ने 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में 10 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में जगह बनाई। जानवी ने 91.2 प्रतिशत, वंदना ने 89.4 प्रतिशत, शगुन ने 86.8 प्रतिशत, खुशबू ने 85 प्रतिशत, आर्यश ने 84.2 प्रतिशत, हर्षित ने 81.8 प्रतिशत, कनिष्का ने 78 प्रतिशत, सत्यम ने 77.6 प्रतिशत, गोविंद ने 76.2 प्रतिशत तथा आर्यन ने 75.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आर्ट्स संकाय में छह विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया तथा 9 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी हासिल की। जिनमें दृष्टि ने 91.2 प्रतिशत, रितिका ने 81.2 प्रतिशत, कमल ने 77.8 प्रतिशत, हरजीत ने 75.8 प्रतिशत, चरणदास ने 75.2 प्रतिशत तथा मन्नू प्रताप ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि अंग्रेजी विषय में जानवी ने 99 अंक, बिजनेस स्टडीज में जानवी ने 98 अंक, होम साइंस में गगन मेहता एवं हर्ष चौहान ने 97 अंक, गणित में धैर्य धीमान ने 97 अंक, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में 96 अंक तथा कंप्यूटर साइंस में तनिष सैनी ने 95 अंक प्राप्त किए।



**यमुनानगर।** स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को बधाई देते स्टाफ सदस्य।

## होली मदर पब्लिक स्कूल में कॉमर्स में सिमरन, साइंस में राधिका अव्वल



सिमरन



राधिका



नवजोत सिंह

**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल का सीबीएसई द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। वाणिज्य संकाय की सिमरन 94 प्रतिशत तथा विज्ञान संकाय की राधिका 93 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही। स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने सभी बच्चों को बधाई दी और बताया कि बारहवीं कक्षा के वाणिज्य संकाय में सिमरन ने 94 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। वहीं विज्ञान संकाय में राधिकाÞ ने 93 प्रतिशत प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कला संकाय में नवजोत सिंहÞ ने 90 प्रतिशत प्राप्त अर्जित कर पहले स्थान पर जगह बनाई। उन्होंने बताया कि कुल 72 बच्चों ने परीक्षा दी थी जिनमें से 35 विद्यार्थियों ने मैरिट श्रेणी हासिल की। उन्होंने बताया कि म्यूजिक में प्रीति ने सर्वाधिक 98, अंग्रेजी में सिमरन और राधिकाÞ ने 97, इकॉनोमिक्स में सिमरन ने 94, फिजिकल एजुकेशन में प्रिया कश्यप ने 94 अंक, बिजनेस में सिमरन ने 93, बायोलोजी में राधिका ने 93, फिजिक्स में राधिका ने 91, अकाउंट्स में सिमरन ने 90, रसायन विज्ञान में राधिका ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उत्कृष्ट परिणाम के लिए विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने बच्चों सहित उनके अभिभावकों तथा अध्यापकों को बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की व उन्हें और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए जिम्मेदार उठाएं कड़े कदम : उपायुक्त

**यमुनानगर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर उपायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि हरियाणा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम केवल एक योजना नहीं है। बल्कि सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव लाने का एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है। इसके माध्यम से बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने, उनके प्रति सम्मान बढ़ाने और समाज में लैंगिक समानता स्थापित करने की दिशा में निरंतर सार्थक एवं परिणाममुखी प्रयास किए जा रहे हैं। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए गांव व शहरों में कोई भी व्यक्ति एमटीपी किट बेचता है या कन्या भ्रूण हत्या करता या करवाता है तो उन लोगों पर आईएमए के डॉक्टर, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के सभी सदस्य नजर रखें और इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। भ्रूण हत्या करने और करवाने वाले पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त प्रीति ने स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों को निर्देश दिए कि एमटीपी किट की एफआईआर की जांच अच्छे से रखें और जो इनमें संलिप्त पाए जाते हैं उन पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले की सभी आंगनवाडियाÞं को समय से खोला जाए और बच्चों को पौष्टिक आहार समय पर दिया जाए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जागरूकता कैम्प लगाए जाएं और लोगों को नुक्कड़ नाटकों के द्वारा बताया जाए कि बेटियां देश का भविष्य है।

## यमुनानगर के खिलाड़ियों ने जीते पांच गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नेपाल में गत दिवस आयोजित की गई अंतरराष्ट्रीय स्केटिंग चैंपियनशिप में यमुनानगर की राठी स्केटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने पांच गोल्ड मेडल जीतकर जिला, प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाड़ियों के आज यमुनानगर पहुंचने पर नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी व मार्केट कमेटी के चेयरमैन समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मेयर सुमन बहमनी ने खिलाड़ियों की मेहनत और उनके कोच ओमवीर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चे लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे खिलाड़ी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी यमुनानगर के चेयरमैन राकेश त्यागी ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवा अनुशासन और आत्मविश्वास सीखते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज को ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग देना चाहिए। मौके पर जिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष जगदीश बब्बर, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी ओबीसी मोर्चा सदस्य गुलशन कुमार व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## बारिश में भी कैल प्लांट में निर्बाध जारी रहेगा कचरा निस्तारण : मेयर

**यमुनानगर।** ट्विन सिटी के कैल कचरा निस्तारण प्लांट में 7.24 करोड़ की लागत से बन रहे शेड व एमआरएफ सेंटर के निर्माण कार्य का मेयर सुमन बहमनी ने अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार के साथ बुधवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री व अन्य व्यवस्थाओं की गहनता से जांच की। निगम द्वारा प्लांट में धरातल का पक्का करने के बाद शेड डालने के लिए बड़े बड़े पिलर बनाए जा रहे हैं। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि शेड बनने से यहां बारिश होने पर भी कचरा निस्तारण और कचरा छंटनी का काम निर्बाध जारी रहेगा। शेड बनने से कचरा निस्तारण में लगी मशीनें भी सुरक्षित रहेंगी। शेड बनने से प्लांट में आने वाले कचरा का समय पर प्रबंधन होता रहेगा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कचरा प्रबंधन की विभिन्न प्रक्रियाओं का जायजा लिया। मेयर सुमन बहमनी ने प्लांट में बनाए गए एमआरएफ सेंटर में कचरा पृथक्करण और गीले कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया को भी देखा। इसके अलावा कचरा निस्तारण में कचरे से आरडीएफ (रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल), बायोसॉल तथा ईंट.कंकड़ को अलग.अलग किया जा रहा है। इसके साथ ही बायो रेमेडिएशन तकनीक के माध्यम से जैविक खाद तैयार की जा रही है। मेयर ने इन सभी प्रक्रियाओं की गुणवत्ता की जांच की और संतोष जताया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शेड निर्माण का जायजा लिया। मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने मेयर को जानकारी दी कि कैल कचरा निस्तारण प्लांट में शेड निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। नीचे की सतह को पक्का किया जा चुका है।

## बाढ़ से बचाव के कार्य समय रहते करें पूर्ण : उपायुक्त प्रीति

- जिला सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला में बाढ़ राहत कार्यों के प्रबंधो को लेकर लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ राहत कार्यों को समय से पहले पूरा किए जाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि बाढ़ की दृष्टि से यमुनानगर जिला अत्यंत संवेदनशील है। उन्होंने अधिकारियों को आहवान किया कि आपातकालीन कंट्रोल रूम में प्रशिक्षित कर्मचारी एवं अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत की भूमिका अहम होती है। इसलिए वे ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंचों से तालमेल कर बाढ़ बचाव के कार्यों को समय से पहले पूर्ण कर लें। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि अचानक आई बाढ़ से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान पहले से निर्धारित कर लें। आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं आशा वर्कर्स आदि पहले से ही गर्भवती महिलाओं की पहचान कर लें। ताकि बाढ़ के समय सुरक्षित स्थान पर इन्हें पहुंचाया जा सकें। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वह एक व्हाटसएपग्रुप अवश्य बनाएं। जिससे किसी भी प्रकार की जानकारी तुरन्त मिल सकें। उपायुक्त प्रीति ने स्पष्ट किया कि बाढ़ बचाव कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कुरुक्षेत्र के जिलास्तरीय व प्रदेशस्तरीय कार्यकर्ता लेंगे भाग

## आदिबद्री में दो दिवसीय भाजपा प्रशिक्षण वर्ग 16 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत कुरुक्षेत्र जिले के जिलास्तरीय व प्रदेशस्तरीय पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 16 व 17 मई को आदिबद्री यमुनानगर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से आदिबद्री स्थित गरुड़ रेस्ट हाउस में कुरुक्षेत्र भाजपा पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा कुरुक्षेत्र के जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह व सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने की।जिसमें प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

भाजपा कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष तेजिंदर सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी समय समय पर प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास एवं कार्यपद्धति से जोड़ती रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को मजबूत करने के साथ साथ कार्यकर्ताओं में अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का उद्घघाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे । उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है। बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना भी है। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर अनुभवी वक्ता कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। इसमें संगठन की कार्यशैली, जनसंपर्क, सामाजिक समरसता, राष्ट्रवाद सेवा कार्यों तथा पार्टी की नीतियों से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, पब्लिक हेल्थ के एसडीओ जफर इकबाल, पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ विजय तेवतिया,पंचायती राज विभाग के एसडीओ रणधीर सिंह, नायब तहसीलदार रविंद्र, खंड विकास पंचायत अधिकारी श्यामलाल व सिंचाई विभाग के एक्सईएन सुरेंद्र सिंह और कुरुक्षेत्र भाजपा जिला प्रभारी दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** आदिबद्री में भाजपा कुरुक्षेत्र के पदाधिकारियों की बैठक में प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों की समीक्षा करते भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग ने लिखी सफलता की कहानी

# बारहवीं कक्षा के परिणाम में विद्यार्थियों ने गाड़े सफलता के झंडे, स्कूलों में जश्न का माहौल



कुरुक्षेत्र। खुशी का इजहार करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम 2026 में विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरूक्षेत्र के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 90% प्रतिशत रहा। इस वर्ष कुल 114 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 47 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। कॉमर्स संकाय में खुशवंत शर्मा ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में रजत पाल ने 81 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं कला संकाय में केशव ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष महेन्द्र पाल सिंगला, उपाध्यक्ष अशोक रोशा, प्रबंधक विरेन्द्र वालिया, कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी , सदस्य जंग बहादुर सिंगला तथा प्रधानाचार्य अनिल मदान ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को इस सफलता का श्रेय दिया। इस दौरान विद्यालय के आचार्य रास बिहारी पाण्डेय, अमित शर्मा, पुनीत डोडा, पंकज गर्ग, विकास नामदेव, विरेन्द्र सिंह, सुशील शर्मा एवं रविन्द्र सहित विद्यालय स्टाफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### जयराम स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



प्रशांत

कुरुक्षेत्र। देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल के अनुसार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। विज्ञान संकाय में छात्र प्रशांत ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। कॉमर्स संकाय में छात्रा महक काम्बोज ने 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया। आर्ट्स संकाय में मंदीप कौर ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया।

## महाराणा प्रताप स्कूल का शानदार परीक्षा परिणाम

■ आर्ट्स संकाय में स्नेहा शर्मा ने 97 .8% और कॉमर्स संकाय में अवंतिका दत्त ने 96 .8% अंक पाए





हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र ने एक बार फिर शानदार सफलता का परचम लहराते हुए शिक्षा जगत में अपनी विशिष्ट पहचान को और अधिक सशक्त किया है। विद्यार्थियों के असाधारण प्रदर्शन ने विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया है। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने सभी संकायों में शानदार उपलब्धियां हासिल कर अपनी प्रतिभा, समर्पण एवं अथक परिश्रम का अद्भुत परिचय दिया। आर्ट्स संकाय में स्नेहा शर्मा ने 97.8% अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता का नया मानदंड स्थापित किया। कॉमर्स संकाय में अवंतिका दत्त ने 96.8% अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। नॉन-मेडिकल संकाय में पार्थ सिंगला ने 96% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जबकि मेडिकल संकाय में नवजोत सिंह ने 92.6% अंक हासिल कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की। इस वर्ष विद्यालय के127 मेधावी विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान अर्जित कर न केवल अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया, बल्कि विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक परंपरा एवं उत्कृष्ट अकादमिक स्तर को भी गौरवान्वित किया। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा शर्मा ने इस अभूतपूर्व सफलता पर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समस्त शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की अटूट लगन, अनुशासित प्रयास एवं शिक्षकों की समर्पित मेहनत का स्वर्णिम प्रतिफल है।

## उदयन शालिनी फैलोशिप केंद्र की छात्राओं ने प्राप्त किए बेहतरीन अंक



कुरुक्षेत्र। डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में शालिनियों ने बेहतरीन अंक प्राप्त किए और अपने परिवार व संस्था का नाम रोशन किया। उदयन शालिनी फैलोशिप केंद्र में डॉ. सुषमा शर्मा एवं डॉ. रामनिवास ने बैच 19 की शालिनियों के शानदार बारहवीं परीक्षा परिणाम का हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया। इस अवसर पर शालिनियों, अभिभावकों और यूएसएफ परिवार ने मिलकर सफलता की खुशी साझा की। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, गर्व और प्रेरणा से भरपूर रहा। हाल ही में घोषित हुए बारहवीं कक्षा के परिणाम में यूएसएफ कुरुक्षेत्र की शालिनियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि के पीछे उनकी मेहनत, लगन और संघर्ष के साथ-साथ संस्था द्वारा दिया गया निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग रहा। इनमें रिया ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। परिणाम के अनुसार 90 प्रतिशत से 99 प्रतिशत के बीच 6 शालिनियों ने अंक प्राप्त किए, 86 प्रतिशत से 89 प्रतिशत के बीच 6 शालिनियां रहीं, 80 प्रतिशत से 85 प्रतिशत के बीच 6 शालिनियों ने सफलता हासिल की तथा 70 प्रतिशत से 79 प्रतिशत के बीच 6 शालिनियां रहीं। जसप्रीत कौर, खुशप्रीत कौर, रिया, संजना कुमारी और वंदना ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। ये सभी शालिनियां बेहद साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से संबंध रखती हैं, लेकिन कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ निश्चय से यह सफलता प्राप्त की।

## श्रीब्रह्मर्षि विद्या मंदिर हथीरा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



कुरुक्षेत्र। श्रीब्रह्मर्षि विद्या मंदिर हथीरा कुरुक्षेत्र का हरियाणा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय कुल 26 विद्यार्थियों में से 21 मैरिट में व इसके अलावा पांच विद्यार्थियों फर्स्ट डिवीजन हासिल कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देखकर बच्चों व स्कूल में खुशी का माहौल रहा। स्कूल संचालक राजेश शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि 12वीं कक्षा परीक्षा परिणाम में मानसी 466, रिम्पी 458, हिमांशु 456, महक 440, तृषा 419, खुशी 416, ज्योति 405, खुशबू 405, दिव्या शर्मा 404, नैन्सी 394, यशवीर 391, हरप्रीत 391, पलक 387, साहिल 386, सोनी 382, अंशुल 381, जसमीत 380, प्राची 379, अनुज 379, सजल 377, अमनदीप कौर 377, प्रियांशु 376, निधि 370, पंकज शर्मा 361, अंकुश 358, आदित्य 356, हर्ष 356, प्रीती 347, तमन्ना 336 अंक हासिल किए। राजेश शर्मा ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह बच्चों की मेहनत व अध्यापकों की लग्न का परिणाम है जो बच्चों ने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास की ओर ध्यान दिया जाता है जिससे स्कूल के बच्चे हर वर्ष बेहतर परिणाम लाते हैं।

## गीता निकेतन के 228 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा की उत्तीर्ण


भक्ति।


शिवम गौड।


राघव गुप्ता।

कुरुक्षेत्र। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में स्थानीय गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के छात्रों का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के 119 छात्रों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। 22 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए । 228 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। विज्ञान संकाय की छात्रा भक्ति ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया । कला संकाय के छात्र शिवम गौड़ ने 94-6 प्रतिशत अंक तथा वाणिज्य संकाय में छात्र राघव गुप्ता ने 93-6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने अपने संकाय में प्रथम रहकर विद्यालय के परीक्षा परिणाम को गौरवान्वित किया है ।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल की अबरीन ने पाए 97.2% अंक



कुरुक्षेत्र। बी. आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सी.बी.एस.ई. के द्वारा कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम आते ही पूरे विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। आर्ट्स की छात्रा अबरीन ने 97.2 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल की टोपर बनी। बारहवीं कामर्स में हरसिमरन ने 94.2 प्रतिशत ने टॉप किया वहीं बारहवीं साईंस मे नमया ने 91.4 प्रतिशत व दीवम ने 91.2 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया। बारहवीं के कुल 73 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें 90 प्रितिशत से उपर 11 बच्चे, 80 प्रतिशत सें उपर 19 बच्चे, 70 प्रतिशत से उपर 29 बच्चे और 60 प्रतिशत से उपर 14 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की । संक्षेपतः विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्साहवर्धक रहा।

### गीता कन्या की छात्राओं ने फिर मारी बाजी

कुरुक्षेत्र। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा द्वादश कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कुल 68 छात्राओं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कला संकाय में सृष्टि ने 91.6% अंक लेकर प्रथम, रिद्म ने 91.4% अंक लेकर द्वितीय, मुस्कान ने 91.2 % अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में छात्रा महक ने 89% अंक लेकर प्रथम , कनिका ने 82 % अंक लेकर द्वितीय तथा निधि ने 80 % अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में पारुल ने 84.4 % अंक प्राप्त कर प्रथम, जागृति ने 83% अंक लेकर द्वितीय, दिव्यांशी ने 82.8 % अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की कुल 26 छात्राओं ने मेरिट में अपना स्थान बनाया तथा कुल 30 छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरान्वित किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् डॉ हरि प्रकाश शर्मा आदि ने छात्राओं को बधाई दी।



### द मिलेनियम स्कूल की प्राची ने 92.4% अंक पाए

कुरुक्षेत्र। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में द मिलेनियम स्कूल कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है। मिलेनियम स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर विद्यालय, अभिभावकों एवं शिक्षकों का मान बढ़ाया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण बन गया। मिलेनियम स्कूल की छात्रा प्राची सैनी ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मानस ने 89.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि यशवर्धन ने 87.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त जैस्मिन कौर ने 86 प्रतिशत, माधव शर्मा एवं आलिया ने 85.2 प्रतिशत तथा काव्या पंडित ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मिलेनियम स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया।





### विज्डम वर्ल्ड स्कूल की सना ने पाए 97.6% अंक

कुरुक्षेत्र। सीबीएससी द्वारा घोषित बारहवीं के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर विज्डम वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार उपलब्धि हासिल की। सन्ना ने कॉमर्स संकाय में 97.6% अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं गर्विश ने विज्ञान संकाय में 96.4% अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के चेयरमैन हरीश सचदेवा, निदेशक विनोद रावल, निदेशिका अनीता रावल, उन्नति सचदेवा ने इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विज्डम वर्ल्ड स्कूल के 12वीं कक्षा के कुल 161 विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थियों ने 95% से अधिक, 32 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक, 93 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक, 105 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक अंक हासिल किए। इसी प्रकार 12वीं कक्षा के 29 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल किए।

## कॉमर्स में गुरुकुल का विपुल 95.8 अंक के साथ बना टॉपर



कुरुक्षेत्र। सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में गुरुकुल के छात्रों ने एक बार फिर मेरिट हासिल कर अपनी उत्कृष्टता को साबित किया। उत्कृष्टता की जो परम्परा विगत कई वर्षो से चली आ रही है, इस बार भी गुरुकुल के प्रतिभाशाली छात्रों ने उसे बरकरार रखा और गुरुकुल की प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी की। कॉमर्स संकाय के छात्र विपुल कुमार ने 95.8 प्रतिशत अंक हासिल कर गुरुकुल टॉप किया है, वही गुरुकुल के 35 छात्रों ने अलग-अलग विषयों में पूर्णांक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान बनाया है। ऐसे उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से पूरे गुरुकुल में हर्षोल्लास का माहौल है। गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने टॉप करने वाले छात्र विपुल सहित समस्त गुरुकुल परिवार को शुभकामनाएं दी हैं। इसके अलावा प्रधान राजकुमार गर्ग ने निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, परीक्षा नियंत्रक रमेश कुमार सहित समस्त अध्यापक एवं संरक्षकवृन्द को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी।



## दिल्ली स्कूल कुरुक्षेत्र के छात्रों का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

कुरुक्षेत्र। दिल्ली पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र के कक्षा 12वीं के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। *हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी* विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यालय के कई छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया है। साथ ही बड़ी संख्या में छात्रों ने 80% से ऊपर अंक हासिल कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय दिया है। कक्षा 12वीं के सभी विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। विद्यालय की प्राचार्या अनिता ने सभी सफल छात्रों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकगण को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों के अनुशासन, कड़ी मेहनत और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके सर्वांगीण विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह परिणाम विद्यालय की मजबूत शैक्षणिक संस्कृति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है।

## सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी

कुरुक्षेत्र। नगरपालिका संघ हरियाणा की राज्य स्तरीय हड़ताल तेरहवें दिन भी जारी रही। थानेसर ईकाई की अध्यक्षता कुरूक्षेत्र सुनील कुमार ने की। हड़ताल को सम्बोधित करते हुए महावीर प्रसाद दहिया राज्य आडिटर रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा व ओमप्रकाश जिला प्रधान रिटायर कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने संयुक्त रूप से बताया की यदि बीजेपी की सरकार नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व फायर ब्रिगेड कर्मचारियों की मांग बातचीत से हल नहीं करती है तो सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से सम्बंधित सभी विभागीय संगठन, रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा व सीटू आंदोलन को पूरा सहयोग व समर्थन देगा और सरकार को मांगें मानने के लिए मजबूर करेगा। हड़ताल को संदीप सांगवान डिप्टी जरनल सेक्रेटरी व सुनील रत्न जिला कैशियर रिटायर कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने बताया कि सरकार के साथ संगठन की मंत्री के साथ बातचीत हो रही है। लेकिन बात सीरे चढ़े ऐसा लगता नहीं है क्योंकि सरकार हल निकालने के प्रति गंभीर नहीं है।



## ताइक्वांडो चैंपियनशिप में दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, जीते 6 पदक

कुरुक्षेत्र। मेडिटेशन हॉल में 8 से 10 मई तक आयोजित ओपन स्टेट लेवल नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में दिल्ली पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 6 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की छात्रा यशिका और महक ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया, जबकि कक्षा 10वीं की सहजप्रीत ने रजत पदक हासिल किया। इसके अतिरिक्त कांस्य पदक की श्रेणी में कक्षा 7* की जसमीत कौर, कक्षा 5* की पावनी तथा कक्षा 39 किी तनवीर कौर ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय की प्राचार्या ने सभी विजेता खिलाड़ियों एवं कोच श्रीमान संजय को बधाई देते हुए कहा कि कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना विद्यालय की मजबूत खेल संस्कृति को दर्शाता है।



## मुख्यमंत्री नायब सैनी के प्रयासों से पिहोवा को मिली बड़ी सौगात : जयभगवान शर्मा डीडी

पिहोवा। वार्ड नंबर 11 में नगर पालिका पिहोवा द्वारा नव-निर्मित पृथु क्रिकेट एकेडमी का भव्य शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने नारियल फोड़कर किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, उपप्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र ढींगरा तथा सभी पार्षदों ने पंडित जय भगवान शर्मा डीडी का फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व खेल मंत्री गौरव गौतम और सांसद जिन्दल के विशेष प्रयासों से पिहोवा विधानसभा क्षेत्र को खेलों के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार सराहनीय कार्य कर रही है, जिसके लिए वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हैं।



## आध्यात्मिक यात्रा में नाद दीक्षा और माला दीक्षा का बहुत महत्व : सिद्धार्थ औलिया

कुरुक्षेत्र। श्रीदुर्गा देवी मंदिर के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धाम मुरथल हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में भावनगर, गुजरात में आयोजित होने वाले सिद्धार्थ ध्यान योग कार्यक्रम के 54 नए प्रतिभागियों को ऑनलाइन नाद दीक्षा और माला दीक्षा प्रदान की। सभी नए साधक प्रतिभागियों ने अपनी कृतज्ञता और अहोभाव समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया और समर्थगुरु धारा के सभी आचार्यों के प्रति प्रकट किया। नए साधकों ने अपनी श्रद्धा और भक्ति भावना अपने सदगुरु और गोविन्द के प्रति रखकर अपनी आध्यात्मिक यात्राएँ शुरू की। शिकायत से अहोभाव की यात्रा ही अध्यात्म है। ट्विटर के माध्यम से समर्थगुरू ने आज बताया कि अकारण तृप्ति का एहसास आनंद है,अपने आप में तृप्त हो। कैसे पता चलेगा कि तुम तृप्त हो गए,कसौटी क्या है? अष्टावक्र कहते हैं इ्रा मैं अतीत का शोक नहीं करता और भविष्य की कोई कामना नहीं। यह पहचान है कि तुम तृप्त हो गए।



# विकास कार्यों को मिलेगी और गति : सुधा

■ अंबाला, पंचकूला व सोनीपत के चुनावों में भाजपा के प्रत्याशियों की जीत पर जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि निकाय चुनाव में एक बार फिर प्रदेश की जनता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा करवाए गए विकास कार्यों पर जीत की मोहर लगाई है। प्रदेश की सभी तीनों नगर निगम अंबाला, पंचकूला व सोनीपत के चुनावों में भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। ये जीत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश में समान रूप से करवाए जा रहे विकास की बदौलत मिली है। इन शहरों के विकास को ट्रिपल इंजन की सरकार तेज गति के साथ आगे बढ़ाएगी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा निकाय चुनावों में भाजपा की टीम के बाद कार्यकतार्ओं के साथ खुशी मना रहे थे। उन्होंने मिठाइयां खिलाकर जीत की खुशी को मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी। राज्यमंत्री ने इस जीत का श्रेय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को दिया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि इस समय प्रदेश के निकाय चुनावों में नगर निगम अंबाला, नगर निगम पंचकूला, नगर निगम सोनीपत, नगर परिषद रेवाडी, नगर पालिका उकलाना और नगर पालिका धारूहेडा में भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है।



## डीएवी सेक्टर-3 में हुआ थ्रिल क्वेस्ट

कुरुक्षेत्र। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र में 11 मई और 12 मई को दो दिन का थ्रिल क्वेस्ट 2026-27 का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस रोमांचकारी आयोजन में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न साहसिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। 11 मई को पहले दिन कक्षा नर्सरी से कक्षा तीसरी के बच्चों ने भिन्न-भिन्न गतिविधियों में पूरे उत्साह से आनंद लिया। नन्हे विद्यार्थियों के लिए यह आयोजन सीखने, मनोरंजन और आत्मविश्वास बढ़ाने का अनूठा अवसर बना। दूसरे दिन यानि 12 मई को कक्षा तीसरी से पांचवीं के छात्रों ने भी इन गतिविधियों का पूरा मजा लिया।

# मां भद्रकाली का किया दिव्य शृंगार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

भद्रकाली एकादशी के पावन एवं शुभ अवसर पर माँ भद्रकाली शक्तिपीठ, कुरुक्षेत्र में विशेष पूजन एवं अभिषेक श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न की गई। सर्वप्रथम मुख्य पुजारिन शिमला देवी द्वारा माँ का पावन जलाभिषेक किया गया तथा भव्य श्रृंगार किया गया। माँ भगवती भद्रकाली को स्वणार्भूषणों से सुसज्जित किया गया तथा विशेष रूप से स्वर्णिम कड़ा अर्पित किया गया।



कुरुक्षेत्र। पूजा करते पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा।

पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने माँ की उत्सव प्रतिमा का भी विधिवत पंचामृत स्नान किया। शहद, दूध, दही, हल्दी, चंदन, कुमकुम एवं पीले चंदन से दिव्य स्नान कराया गया।

### जयकारों से भक्तिमय हुआ वातावरण

*सम्पूर्ण वातावरण वैदिक मंत्रोच्चारण एवं जयकारों से भक्तिमय हो उठा। माँ को किशमिश, विभिन्न मिष्ठान, अनार, मीठे पान एवं पंचामृत का विशेष भोग अर्पित किया गया। इसके उपरांत भक्तों द्वारा माँ को पान के पत्ते, चुनरी, नारियल, पुष्प एवं पुष्पहार अर्पित किए गए। माँ के श्रीचरणों में लाल गुलाबों की पुष्पवर्षा की गई तथा सुगंधित इत्र अर्पित किया गया। इस अवसर पर पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने माँ भद्रकाली जी से सभी भक्तों की मंगल कामना की।*

## खबर संक्षेप

### बाढ़ आपदा प्रबंधन पर होगा मॉक अभ्यास

**अंबाला।** जिला में बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों का आंकलन एवं विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। इस अभ्यास के दौरान बाढ़ जैसी आपातकालीन स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का परीक्षण/अभ्यास किया जाएगा। यह जानकारी जिला राजस्व अधिकारी राजेश ख्यालिया ने दी।

### हार के बाद सोशल मीडिया में ढींगरा के पति वायरल



**अंबाला।** वार्ड नंबर 8 से सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा की हार के बाद सोशल मीडिया पर उनके पति सुंदर ढींगरा की एक फोटो वायरल हो गई। फोटो में सुंदर ढींगरा मिठाई की दुकान पर बैठे दिखाए गए हैं। असल में सुंदर ढींगरा पेशे से मिठाई बनाने का कारोबार करते हैं। हार के बाद अब सोशल मीडिया पर लोग उन्हें हलवाई काम संभालने की सलाह दे रहे हैं।

### भाई पर हमला कर किया घायल, केस

**जींद।** गांव दनौदा खुर्द में कहासुनी के चलते भाई ने भाई पर हमला कर घायल कर दिया। शिकायत के आधार सदर थाना नरवाना पुलिस ने आरोपित भाई के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दनौदा खुर्द निवासी सतबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी उसके भाई रघुबीर से जमीन को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर रघुबीर न उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर रघुबीर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला के पास फोन करने से रोका तो किया हमला

**जींद।** सदर थाना नरवाना इलाका गांव में महिला को बार-बार फोन करने का विरोध किया तो आरोपितों ने हमला कर दो भाइयों को घायल कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव का रवि उसकी भाभी के पास अलग-अलग नंबरों से कॉल कर फोन परेशान करता था। जिसका उन्होंने विरोध किया तो रवि गाली गलौज पर उतर आया। उसी दौरान उसके परिवार के अन्य लोग भी आ गए थे।

### दो पिस्तौल के साथ एक चढ़ा युवक पुलिस हत्थे

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव अनुपगढ़ फ्लाईओवर के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से दो पिस्तौल बरामद किए हैं। सदर थाना पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ कर्मी रोहतक रोड पर गश्त कर रहे थे। अनुपगढ़ फ्लाईओवर निकट युवक खड़ा दिखाई दिया। जो पुलिसकर्मियों को देख कर भागने लगा। पीछा कर काबू कर लिया।

## 21 हजार से ज्यादा मतों से कुलविंद्र कौर को दी शिकस्त

# नगर निगम पर भाजपा का कब्जा, अक्षिता बनी मेयर

शहर के 16 वार्डों में बीजेपी व तीन वार्डों में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को मिली जीत, एक वार्ड में निर्दलीय बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मेयर अक्षिता सैनी को सर्टिफिकेट प्रदान करते। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम में शहर की सरकार पर भाजपा का कब्जा हो गया। भाजपा की मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी ने 21 हजार से ज्यादा मतों से कांग्रेस की कुलविंद्र कौर सैनी को शिकस्त दी। 16 वार्डों में में भाजपा उम्मीदवारों को सीधी जीत मिली। तीन वार्डों में कांग्रेस को जीत मिली है जबकि एक वार्ड में कांग्रेस से बगावत कर चुनाव लड़ने वाले आजाद उम्मीदवार को जीत मिली है। भाजपा को सबसे बड़ा झटका वार्ड नंबर 8 में लगा। यहां से भाजपा ने सीनियर डिप्टी मेयर रही मीना ढींगरा को दोबारा प्रत्याशी बनाया था। मगर उन्हें कांग्रेस की गुंजीत कौर ने पराजित कर दिया। मतगणना अंबाला शहर के सेक्टर 9 स्थित ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल में हुई। 12 बजे तक 16 राउंड की काउंटिंग के बाद मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी 21,358 वोट से कांग्रेस प्रत्याशी कुलविंद्र कौर सैनी को हरा दिया। 16 राउंड के दौरान कुल पोल हुई वोट 1,07651 की काउंटिंग की गई। इसमें अक्षिता सैनी को 52,794 वोट मिले और कांग्रेस प्रत्याशी कुलविंद्र कौर को 31436 वोट मिले। आजाद उम्मीदवार सोनिया चौधरी को 21730 वोट प्राप्त हुए। एक भी राउंड में कांग्रेस प्रत्याशी कुलविंद्र कौर ने लीड नहीं मिल पाई। सभी राउंड में अक्षिता सैनी को लीड मिलती रही। नोटा को 1691 लोगों ने अपना मत दिया। अपनी जीत पर अक्षिता सैनी ने अंबाला शहर की जानता का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह मेरी जीत नहीं है, बल्कि पूरे शहर के लोगों की जीत है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी सहित पूरी भाजपा पार्टी का भी आभार व्यक्त किया।

### सीनियर डिप्टी मेयर चुनाव हारी

नगर निगम चुनाव में भाजपा को सबसे बड़ा झटका वार्ड नंबर 8 में लगा। इस बार भाजपा की ओर से इस वार्ड से पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा उम्मीदवार थी। उन्हें कांग्रेस की प्रत्याशी गुंजीत कौर ने शिकस्त दी। पिछले चुनाव में मीना ढींगरा ने गुंजीत को हराया था। इस बार गुंजीत ने अपनी हार का बदला ले लिया। गुंजीत कौर को 721 वोट से जीत मिली है। मीना ढींगरा को 2668 वोट मिले और गुंजीत को 3389 वोट मिले। वार्ड 14 से कांग्रेस की पूनम शर्मा, वार्ड 19 से से कांग्रेस के पुनीत कवि भी चुनाव जीतने में कामयाब रहे। पुनीत कवित को नामांकन दाखिल करने से तीन घंटे पहले ही कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार बनाया था। पहले इस वार्ड से कांग्रेस ने सचिन पुनिया को उम्मीदवार बनाया था। मगर नामांकन दाखिल करने से पहले उनकी टिकट काटकर पुनीत को दे दी थी। वार्ड 15 से निर्दलीय मनोज शर्मा ने भी जीत का स्वाद चखा है। इस वार्ड से मनोज शर्मा कांग्रेस की टिकट के प्रबल दावेदार थे। मगर उनकी टिकट काटकर विक्की राणा को दे दी गई। कांग्रेस से बगावत कर मैदान में उतरे मनोज शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी राजकुमार गुप्ता को पराजित किया है।

### भाजपा के शाना ने 4406 वोट से जीत कर इतिहास रचा, कांग्रेस के प्रदीप चावला कड़े मुकाबले में 23 वोट से हारे



**अंबाला।** निगम चुनाव में इस बार वार्ड नंबर 17 से भाजपा प्रत्याशी गुरप्रीत साहनी (शाना) ने जीत का नया रिकॉर्ड बनाया है। साहनी ने इस बार 4406 वोट से जीत हासिल की। उनके सामने कांग्रेस की उम्मीदवार प्रवीण चावला को केवल 707 वोट ही मिल पाए। साहनी को कुल 5113 वोट मिले।

### वार्ड 16 से निकुंज चावला को मिली बड़ी जीत



वार्ड नंबर 16 से भाजपा की प्रत्याशी निंकुज चावला भी बड़ी जीत हासिल करने में कामयाबी रही। पिछला निगम चुनाव निंकुज चावला ने वार्ड नंबर 20 से हरियाणा डेमोक्रेटिक फ्रंट के चुनाव निशान कप प्लेट पर लड़ा था। तब बेहद कम मार्जन से वे चुनाव हार गई थी। बाद में उन्होंने एचडीएफ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। कड़े विरोध के बावजूद भाजपा ने उन्हें उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने अपने निकटतम उम्मीदवार कांग्रेस के रिंकू प्रजापति को 2013 मतों से शिकस्त दी। इसी तरह भाजपा की शिवानी सूद को भी 2002 मतों से जीत मिली है।

### सीनियर डिप्टी मेयर ढींगरा की हार ने चौंकाया



पिछला निगम चुनाव जीतकर सीनियर डिप्टी मेयर बनी मीना ढींगरा इस बार चुनाव हार गई। उन्हें कांग्रेस की गुंजीत कौर ने पराजित किया। टिकट मिलने से पहले ही इस वार्ड से गुंजीत कौर को विजेता बताया जा रहा था। हालांकि इसके बावजूद भाजपा ने मीना ढींगरा को उम्मीदवार बनाया था। विजेता बनी गुंजीत को कुल 3389 वोट मिले जबकि मीना ढींगरा को 2668 वोट पर संतोष करना पड़ा।

### सांसद चौधरी व अध्यक्ष अग्रवाल गढ़ में हारे



चुनाव में सबसे बुरी गत तो कांग्रेस सांसद वरूण चौधरी व शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल डिंपी की हुई। सांसद व कांग्रेस अध्यक्ष वार्ड नंबर 12 के सेक्टर 7 में रहते हैं। इस वार्ड से भाजपा के कमल गुप्ता ने कांग्रेसी उम्मीदवार मिथुन वर्मा को शिकस्त दी है। कांग्रेस के उर्जावान नेता एडवोकेट मिथुन वर्मा पहले वार्ड नंबर 10 से निगम सदस्य थे।

### जीत का सिंकदर बना कांग्रेस प्रत्याशी पुनीत कवि



अंबाला। समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रत्याशी पुनीत कवि।

**अंबाला।** वार्ड नंबर 19 से इस बार कांग्रेस प्रत्याशी पुनीत कवि चुनाव जीतने में कामयाब रहे। उन्होंने भाजपा के पिंकू सूद को शिकस्त दी है। पिछले चुनाव में पिंकू की पत्नी भाजपा की सदस्य बनी थी। सामान्य जाति के उम्मीदवार के लिए रिजर्व होने के बावजूद कांग्रेस ने पुनीत कवि को इस वार्ड से ऐन मौके चुनावी मैदान में उतारा था। असल में इस वार्ड से पुनीत की टिकट पहले कट गई थी। पार्टी ने युवा नेता सचिन पुनिया को इस वार्ड से टिकट दी थी। मगर विधायक व सांसद के विरोध की वजह से सचिन पुनिया की टिकट नामांकन दाखिल करने से तीन घंटे पहले काटकर पुनीत कवि को दी गई थी। पुनीत ने पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ा व जीत हासिल की।

### सीबीएसई 12 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में छाए आर्य स्कूल के विद्यार्थी, किए सम्मानित



**मुलाना।** हरियाणा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा सत्र (2025-2026) का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इसमें आर्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल के सभी विद्यार्थी बहुत अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए तथा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।आशा कुमारी पुत्री श्री सुरेश कुमार ने 500 में से 484 अंक लेकर स्कूल , ब्लॉक व जिले का नाम रोशन किया । द्वितीय स्थान पर गौतम पुत्र श्री राम कुमार व तृतीय स्थान पर पलक पुत्री श्री राजेश कुमार उत्तीर्ण रहे , 7 विद्यार्थियों ने मैरिट में अपना नाम किया है जबकि 31बच्चों ने प्रथम डिवीजन लेकर अपने माता पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है ।अन्य विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में अच्छे अंक लेकर पास हुए। स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक कुमार पुंडीर ने इस अवसर पर शिक्षा समिति के सभी सदस्यों, अध्यापकों, माता - पिता व विद्यार्थियों को बहुत बहुत बधाई दी है। विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ये जीते, ये हारे



**वार्ड नंबर 1**
वोट मिले – 2060
जीते – विशाल राणा, भाजपा
हारे – सतविंद्र सिंह, कांग्रेस
वोट मिले – 1992
अंतर – 68



**वार्ड नंबर 2**
वोट मिले – 1998
जीते – बरखा सहोता, भाजपा
हारे – राजविंद्र कौर, कांग्रेस
वोट मिले – 1447
अंतर – 551



**वार्ड नंबर 3**
वोट मिले – 1788
जीते – मनीष आनंद, भाजपा
हारे – विजय चौधरी, निर्दलीय
वोट मिले – 882
अंतर – 966



**वार्ड नंबर 4**
वोट मिले – 3235
जीते – वरिंद्र नाथ, भाजपा
हारे – अशोक सोनी, कांग्रेस
वोट मिले – 2891
अंतर – 344



**वार्ड नंबर 5**
वोट मिले – 3674
जीते – राजेश मेहता, भाजपा
हारे – रविंद्र गुप्ता, निर्दलीय
वोट मिले – 2667
अंतर – 1007



**वार्ड नंबर 6**
वोट मिले – 3275
जीते – अर्चना छिब्बर, भाजपा
हारे – दिशा, कांग्रेस
वोट मिले – 1293
अंतर – 1982



**वार्ड नंबर 7**
वोट मिले – 3104
जीते – मोनिका मल, भाजपा
हारे – विक्रमजीत, कांग्रेस
वोट मिले – 1614
अंतर – 1490



**वार्ड नंबर 8**
वोट मिले – 3389
जीते – गुंजीत कौर, कांग्रेस
हारे – मीना ढींगरा, भाजपा
वोट मिले – 2668
अंतर – 721



**वार्ड नंबर 9**
वोट मिले – 3502
जीते – शिवानी सूद, भाजपा
हारे – मेद्या गोयल, कांग्रेस
वोट मिले – 1500
अंतर – 2002



**वार्ड नंबर 10**
वोट मिले – 3956
जीते – गुरविंद्र सिंह, भाजपा
हारे – राजिंद्र कौर, कांग्रेस
वोट मिले – 1293
अंतर – 2733



**वार्ड नंबर 11**
वोट मिले – 4933
जीते – कविता सैनी, भाजपा
हारे – अनुराधा, कांग्रेस
वोट मिले – 1808
अंतर – 1214



**वार्ड नंबर 12**
वोट मिले – 2282
जीते – कमल गुप्ता, भाजपा
हारे – मिथुन वर्मा, कांग्रेस
वोट मिले – 1423
अंतर – 859



**वार्ड नंबर 13**
वोट मिले – 1852
जीते – शोभा पुनिया, भाजपा
हारे – प्रदीप चावला, कांग्रेस
वोट मिले – 1829
अंतर – 23



**वार्ड नंबर 14**
वोट मिले – 2403
जीते – पूनम शर्मा, कांग्रेस
हारे – वीनू गर्ग, भाजपा
वोट मिले – 2110
अंतर – 293



**वार्ड नंबर 15**
वोट मिले – 2139
जीते – मनोज शर्मा, निर्दलीय
हारे – राजकुमार गुप्ता, भाजपा
वोट मिले – 1540
अंतर – 599



**वार्ड नंबर 16**
वोट मिले – 4499
जीते – निकुंज चावला, भाजपा
हारे – रिंकू प्रजापति, कांग्रेस
वोट मिले – 2486
अंतर – 2013



**वार्ड नंबर 17**
वोट मिले – 5113
जीते – गुरप्रीत साहनी, भाजपा
हारे – प्रीवन चावला, कांग्रेस
वोट मिले – 707
अंतर – 4406



**वार्ड नंबर 18**
वोट मिले – 2479
जीते – हितेश जैन, भाजपा
हारे – दलजीत भाटिया, कांग्रेस
वोट मिले – 1058
अंतर – 1421



**वार्ड नंबर 19**
वोट मिले – 2547
जीते – पुनित कवि, कांग्रेस
हारे – पिंकू सूद, भाजपा
वोट मिले – 2436
अंतर – 111



**वार्ड नंबर 20**
वोट मिले – 3533
जीते – सपना रानी, भाजपा
हारे – ममता रानी, कांग्रेस
वोट मिले – 2652
अंतर – 881

### डीएवी स्कूल के छात्रों ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों से रचा नया इतिहास

**अंबाला।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम के अंतर्गत डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा तथा विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर विद्यालय की शैक्षणिक श्रेष्ठता को पुनः सिद्ध किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. राधा रमण सूरी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

### सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणामों में कला संकाय में मुस्कान ने हासिल किए 453 अंक

**शहजादपुर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटवाड़ का परीक्षा परिणाम एक बार पुनः शत प्रतिशत रहा। कला संकाय में मुस्कान 465/500 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दीक्षा 453/500 व सानिया 428/500 ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही 8 छात्रों ने मेरिट में अंक प्राप्त किए। इनमें 2 छात्राओं ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए। 12 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

### धीन की बेटी दिया ने 84.5% अंक लेकर बढ़ाया गांव का मान



**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीन की होनहार छात्रा दीया ने 12वीं कक्षा की परीक्षा में 84.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव धीन तथा स्कूल का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस शानदार उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर गांव के सरपंच सतविंदर सिंह ने छात्रा को सम्मानित कर बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और दिया की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। दीया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और कठिन मेहनत को दिया। उसने बताया कि उसका सपना यूपीएससी परीक्षा पास कर देश की सेवा करना है। छात्रा ने अन्य बच्चों को भी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने का संदेश दिया। ग्रामीणों और विद्यालय स्टाफ ने भी दिया की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नगर निकाय चुनाव में भाजपा के विजेता मेयर और पार्षद प्रत्याशियों को मंत्री विज ने दी बधाई

**अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने प्रदेश के नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के मेयर तथा पार्षद प्रत्याशियों की शानदार जीत पर सभी विजयी उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल भाजपा प्रत्याशियों की नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता के विकास, सुशासन और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी नीतियों पर विश्वास की जीत है। विज ने अंबाला सिटी से भाजपा की विजयी मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने विकास और पारदर्शी प्रशासन के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा की नीतियां जन-जन तक पहुंच रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### वार्ड 13 में रही कांटे की टक्कर, शोभा बने विजेता

**अंबाला।** नगर निगम के वार्ड नंबर 13 में सबसे कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस वार्ड से भाजपा ने निवर्तमान सदस्य शोभा सिंह पूनिया को उम्मीदवार बनाया था। जबकि कांग्रेस ने तत्कालीन सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मीडिया एडवाइजर रहे स्वर्गीय बिट्टू चावला के भाई प्रदीप चावला को उम्मीदवार बनाया था। चुनाव में शोभा सिंह पूनिया 23 वोट से दूसरी बार निगम सदस्य बने। शोभा पूनिया को कुल 1852 वोट मिले जबकि प्रदीप चावला को 1829 वोट हासिल हुए। इसी तरह वार्ड नंबर 1 से भी पहली बार मैदान में उतरे विशाल राणा महज 68 वोट से चुनाव जीतने में कामयाब रहे। उन्होंने कांग्रेस के सतविंद्र सिंह को हराया है।

## 31 मई तक एचएसएससी पोर्टल पर भेजनी होगी नई रिक्विजिशन

# ग्रुप डी भर्ती की तैयारी तेज, विभागों से मांगी खाली पदों की डिटेल

सभी प्रशासनिक सचिवों, बोर्ड, निगम, एजेंसियों को दिए निर्देश, चौकीदार और स्वीपर पद फिलहाल बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राज्य सरकार ने राज्य में लंबे समय से खाली पड़े ग्रुप डी पदों को भरने की प्रक्रिया तेज कर दी है। सामान्य प्रशासन विभाग ह्यूमन रिसोर्स II शाखा की ओर से बुधवार को जारी पत्र में सभी प्रशासनिक सचिवों, बोर्ड, निगम, एजेंसियों और सरकारी संस्थाओं को निर्देश दिए गए है कि वे अपने यहां खाली नियमित ग्रुप डी पदों की नई सूची हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को भेजें। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह भर्ती प्रक्रिया चौकीदार और स्वीपर पदों को छोड़कर अन्य सभी ग्रुप डी पदों के लिए लागू होगी। विभागों को 31 मई तक पोर्टल पर रिक्त पदों की जानकारी अपलोड करनी होगी। ग्रुप सी के पदों के लिए एचएसएससी ने पिछले साल पेपर लिया था। इस भर्ती में फिलहाल विभाग हरियाणा पुलिस पुरुष कांस्टेबल के लिए पीएमटी की प्रक्रिया आयोजित करवा रही है।

### जल्द ब्यौरा भेजने के दिए आदेश

पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार के अधीन आने वाले सभी बोर्ड, कॉरपोरेशन, सांविधिक निकाय और अन्य एजेंसियां अपने यहां स्वीकृत तथा खाली पड़े नियमित पदों का ब्यौरा तैयार करे। इसके बाद संबंधित विभाग पोर्टल पर ताजा रिक्विजिशन अपलोड करेंगे ताकि भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। सरकार ने इस बार रिक्त पदों का डेटा एक तय फॉर्मेट में मांगा है। इसमें यह बताना होगा कि कुल स्वीकृत पद कितने है और उनमें से कितने पद नियमित कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों तथा हरियाणा कांट्रैक्चुअल एम्प्लॉइज एक्ट 2024 के तहत कवर कर्मचारियों से भरे हुए है। इसके बाद शेष बचे रिक्त पदों की संख्या दर्शानी होगी। यानी विभागों को अब सिर्फ खाली पदों की संख्या नहीं बल्कि कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति का पूरा ब्यौरा भी देना पड़ेगा। इससे सरकार को वास्तविक रिक्तियों का स्पष्ट आंकड़ा मिल सकेगा।

### भर्ती की उम्मीद बढ़ी

सरकार के इस आदेश के बाद प्रदेशभर के बेरोजगार युवाओं में नई उम्मीद जगी है। माना जा रहा है कि विभागों से रिक्तियों का डेटा मिलने के बाद एचएसएससी की ओर से बड़े स्तर पर ग्रुप डी भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। प्रदेश में पिछले लंबे समय से विभिन्न विभागों में हजारों ग्रुप डी पद खाली पड़े हैं। भर्ती प्रक्रिया लंबित होने के कारण विभागों में कामकाज भी प्रभावित हो रहा था। अब सरकार द्वारा सभी विभागों से ताजा रिक्विजिशन मांगने के बाद भर्ती प्रक्रिया को रफ्तार मिलने की संभावना बढ़ गई है। ग्रुप डी भर्ती 2023 के लगे कर्मचारियों को गृह जिले से बहुत दूर तक स्टेशन मिले हुए है इसके बाद वेटिंग लिस्ट के कर्मचारी भी दूर दराज के जिलों में पोस्टिंग है। उनकी काफी दिनों से ट्रांसफर पोर्टल पर निगाहें टिकी हुई है। नई भर्ती या वेटिंग लिस्ट ना निकल कर सरकार ट्रांसफर पोर्टल भी खोल सकती है। ऐसे में जानकारों का कहना है कि ग्रुप डी को लगभग तीस हजार के आस पास सैलरी मिलती है। इतनी सैलरी में गृह जिले से दूर रखना गलत है।